सार-समाचार

विमुक्त, घुमन्तू सहायता शिविर 27 से

जालोर, (कासं)। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग राजस्थान जयपुर के निर्देशानुसार घुमन्तु समुदाय के विकास के लिए आवश्यक दस्तावेज जैसे-वोटर आईडी कार्ड, आधार कार्ड, जनाधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, घुमन्तु जाति पहचान पत्र, मूल निवास प्रमाण पत्र, राशन कार्ड इत्यादि जारी करने के लिए 27 नवम्बर से 15 दिसम्बर तक पंचायत समितियों एवं नगरीय निकायों में विमुक्त, घुमन्तु एवं अर्द्धघुमन्तु सहायता शिविर का आयोजन किया जायेगा।जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने बताया कि जिले की प्रत्येक पंचायत समिति में ग्राम पंचायतों के कलस्टर एवं नगरीय निकायों में शहरी वार्डों के कलस्टर बनाकर शिविरों का आयोजन किया जायेगा। शिविर के सफल आयोजन एवं क्रियान्वयन के लिए शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में संबंधित उपखण्ड अधिकारी शिविर प्रभारी होंगे, जो विमुक्त, घुमन्तु एवं अर्द्ध घुमन्तु सहायता शिविर की कार्ययोजना के अनुरूप शहरी वार्डों एवं ग्राम पंचायतों के कलस्टर बनाकर शिविर कैलेण्डर तैयार करेंगे। इसी प्रकार नगर परिषद आयुक्त एवं नगरपालिकाओं के अधिशासी अधिकारी शहरी क्षेत्रों में सहायक प्रभारी तथा ग्रामीण क्षेत्रों में संबंधित विकास अधिकारी सहायक प्रभारी अधिकारी होंगे, जो शिविर प्रभारी से समन्वय स्थापित कर आवश्यक सहयोग प्रदान करने सहित शिविर स्थल पर पानी, बिजली, टेन्ट, कुर्सी इत्यादि आवश्यक व्यवस्थाएँ उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करेंगे। वही सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग को समन्वयक अधिकारी बनाया गया है तथा सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग के संयुक्त निदेशक, मुख्य जिला शिक्षाधिकारी व महिला एवं बाल विकास विभाग के उप निदेशक को आवश्यक जिम्मेदारी सौंपी गई हैं।

शिक्षकों की समस्याएं बताई

जालोर, (कासं)। राजस्थान शिक्षक संघ प्रगतिशील एवं अखिल राजस्थान राज्य संयुक्त कर्मचारी महासंघ के नेतृत्व में मिलकर समस्याओं के निराकरण की बात की। महासंघ सांचोर के जिला संयोजक एवं प्रगतिशील के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष किशनलाल सारण के नेतृत्व मे मिलकर जीएफ एवं राज्य बीमा लोन की राशि एवं अंतिम आहरण भुगतान काफी लम्बे समय से कर्मचारी के जीपीएफ एवं एस आई खाते से अप्रूव होने के बाद भी समय पर बैंक खातों मे जमा नहीं होने को लेकर तत्काल समाधान के लिए बात की जयपुर से ई सी एस नहीं होने के कारण कर्मचारी काफी लंबे समय तक परेशान रहता है एवं जालौर से कर्मचारी बार बार दूरभाष पर बात कर परेशानी झेल रहा है एवं कार्यालय के कार्मिको ने बताया की हमारे कार्यलय मे समय पर प्रोसेस कर दिया जाता है। ई सी एस के कारण हो रही परेशानी को लेकर राज्य जीपीएफ कार्यालय को पत्र लिखने का भी निर्णय लिया गया । ताकि समय पर समस्त प्रकार के अंतिम आहरण बीमा क्लेम का भुगतान हो सके। इस मौके पर प्रभाराम चौधरी प्रदेश उपाध्यक्ष, राजूराम सारण प्रदेश महामंत्री, छोगाराम सारण प्रदेश प्रवक्ता, हरिराम सारण शारीरिक शिक्षक वही जीएफ पर्यवेक्षक कुकाराम, जीतेन्द्र आर्य प्रशासनिक अधिकारी, भजनलाल वरिष्ठ सहायक सहित कार्यालय कार्मिक से चर्चा की एवं विश्वास दिया कि प्रत्येक कार्य समय पर करवाने के लिए उच्च अधिकारियों को पत्र लिखा जाएगा ।

परिवादों के संतुष्टिपूर्ण समाधान के निर्देश

जालोर, (कासं)। जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में साप्ताहिक समीक्षा बैङ्क सम्पन्न हुई। जिसमें उन्होंने विभागीय योजनाओं व सम्पर्क पोर्टल पर लंबित प्रकरणों की विभागवार समीक्षा करते हुए जिले के औसत निस्तारण समय को कम करने तथा परिवादों के संतुष्टिपूर्ण समाधान के निर्देश दिए। जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने कहा कि सम्पर्क पोर्टल पर 6 माह से अधिक प्रकरणों, पीजी, सीएमओ सहित वीवीआईपी स्तर से प्राप्त परिवेदनाओं का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित कर आमजन को राहत प्रदान करें। उन्होंने अधिकारियों को प्रभावी मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने तथा समस्या निस्तारण के उपरांत परिवादी से वार्ता कर समाधान करवाने की बात कही। उन्होंने स्थानीय नगरीय निकायों, सहकारिता, राजस्व, पीएचईडी विभागों को विशेष मॉनिटरिंग करते हुए परिवादों को सुचारू ढंग से निस्तारित करने के निर्देश दिए। बैठक में अतिरिक्त जिला कलैक्टर राजेश मेवाड़ा, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नंदकिशोर राजौरा, डिस्कॉम के एसई पी.एस.राठौड़, पीडब्ल्यूडी एसई चतुर्भुज खुडीवाल, पीएचईडी के अधिशासी अभियंता श्यामबिहारी बैरवा, प्रवर्तन निरीक्षक नमिता नारवाल, नगर परिषद के एटीपी शिवदान जांगिड़, सीएमएचओ डॉ. रमाशंकर भारती, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक राजीव सुथार सहित विभिन्न विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

तीन दिन का आवासीय प्रशिक्षण संपन्न

जालोर, (कासं)। जालोर जिले के 19 आयुष हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर्स/आयुष आरोग्य मंदिर केन्द्रों में कार्यरत आयुर्वेद नर्स/कम्पाउण्डर, एनएनएम व आशा सहयोगिनियों का 3 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण 22 से 24 नवम्बर तक सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण में आयुर्वेद विभाग के उप निदेशक डॉ. दिनेश कुमार जोशी व सहायक निदेशक डॉ. कैलाश कुमार ने प्रतिवेदन प्रस्तु कर सभी प्रशिक्षणार्थियों को कर्तव्यनिष्ठा के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया। प्रशिक्षण में दक्ष प्रशिक्षक डॉ. हरजीराम विश्नोई, डॉ. राधेश्याम गुप्ता व डॉ. मैना मीना द्वारा तीन दिन त 4-4 रिसोर्स पर्सन की ओर से आयुष आरोग्य मंदिर केन्द्र व मौसम अनुसार खान-पान की विभिन्न गतिविधियों के बारे में जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के समापन समारोह में मुख्य अतिथि में रूप में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रमाशंकर भारती रहे तथा समारोह की अध्यक्षता आयुर्वेद विभाग के पूर्व अतिरिक्त निदेशक डॉ. रमेश कुमार श्रीवैष्णव ने की वही विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. वेदप्रकाश मीना उपस्थित रहे। आवासीय प्रशिक्षण टीम में डॉ. हरिओम प्रताप सिंह, डॉ. नरेन्द्र आचार्य, महेन्द्र सिंह राजपुरोहित, वरिष्ठ कम्पाउण्डर अशोक सुथार, कम्पारण्डर फसाराम गर्ग, संस्थापन अधिकारी कमलेश भट्ट, वरिष्ठ सहायक नारायलाल गर्ग, परिचारक नरबहादुर, शत्रुघ्न बोस, मोहनलाल व जतनो देवासी ने अपनी सेवाएं दी।

'श्रमिक ठगों के झांसे में नहीं आएं'

जालोर,(का.सं.)। श्रम कल्याण विभाग की ओर से संचालित भवन एवं अन्य संनिर्माण कल्याण मण्डल की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं में आवेदन स्वीकृत करवाने के नाम पर श्रमिक ठगों के झांसे में न आकर किसी भी प्रकार का कोई भुगतान नहीं करें। जिला श्रम कल्याण अधिकारी हितेश चौधरी ने बताया कि श्रम कल्याण विभाग द्वारा संचालित भवन एवं अन्य संनिर्माण कल्याण मण्डल की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं में आवेदकों को सहायता राशि दिलवाने के लिए ठग सक्रिय हो गए हैं तथा वे आवेदन स्वीकृति की फीस मांगकर ठगी करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि असामाजिक तत्वों द्वारा स्वयं को श्रम विभाग का कार्मिक बताकर श्रमिकों को प्रलोभन दिखाकर फोन-पे के माध्यम से राशि की मांग की जा रही है। जिले में ऐसे कुछ मामले सामने आए हैं जिनमें कुछ श्रमिकों द्वारा श्रम कल्याण अधिकारी कार्यालय पहुँचकर इस संबंध में अवगत करवाया है। उन्होंने जालोर जिले के समस्त श्रमिकों से अपील की हैं कि वे ऐसे किसी भी झांसे में न आएं एवं किसी भी व्यक्ति द्वारा आवेदन स्वीकृत करवाने के नाम पर राशि की मांग किये जाने पर अपने नजदीकी साईबर थाने या पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाएं।

डिस्कॉम कर्मचारी संघ ने रोष जताया

पोकरण, (कासं)। डिस्कॉम कार्यालय कर्मचारी सघ ने एकदिवसीय कार्य का बहिष्कार कर डिस्काउंट के निजीकरण के विरोध में हडताल पर उतरकर विरोध जताया। राजस्थान विद्युत संयुक्त संघ समिति के बैनर तले प्रदर्शन जुलूस निकाल कर उपखंड कार्यालय पहुंच कर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन देकर बताया कि विद्युत विभाग निजीकरण की वजह से आम उपभोक्ताओं वजनता को विद्युत समस्याओं का सामना करना पड रहा है। जिसे सरकार द्वारा निजीकरण को तुरंत बंद किया जाए। संघ द्वारा सरकार को ज्ञापन के द्वारा अवगत कराया गया है। जिला कर्मचारी संघ के अध्यक्ष कृष्णकांत पुरोहित, के नेतृत्व में डिस्काम कर्मचारी व अधिकारी उपस्थित रहे।

ढीले विद्युत तारों से हादसे का डर

सायला, (निसं)। शहर के महावीर कॉलोनी में बिजली के ढीले एवं झूलते तार हादसे को दावत दे रहे है। कई बार मौहल्लेवासियों ने झूलते हुए तारों के बारे में अधिकारियों से शिकायत की। लेकिन अधिकारियों की अनदेखी के चलते स्थिति जस की तस बनी हुई है। जानकारी के अनुसार महावीर कॉलोनी में विद्युत लाईन शिफ्ट करने एवं ढीले विद्युत तारों को दुरस्त करने की मांग को लेकर परिवादी जितेन्द्र कुमार ने गत अक्टूबर एवं 14 नवम्बर 2024 को उपखण्ड स्तरीय जनसुनवाई में शिकायत की थी। इसके बावजूद जिम्मेदार अधिकारियों की अनदेखी से ना ही ढीले विद्युत तारों को दुरस्त किया गया और ना ही पूरी लाईन शिफ्ट की गई।

सायला के व्यापारियों ने किसानों के महापड़ाव को समर्थन दिया

सायला, (निसं)। व्यापार मंडल सायला एवं कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ब्लॉक सायला के तत्वावधान में व्यापारियों द्वारा सोमवार को भारतीय किसान संघ के अनिश्चितकालीन महापड़ाव के समर्थन में मुख्यमंत्री के नाम उपखण्ड अधिकारी सूरजभान बिश्नोई को ज्ञापन सौंपा गया।

ज्ञापन में बताया कि पिछले 30 वर्षो से जवाई बांध के पानी में जालोर जिले का हक निर्धारित करने की मांग को लेकर विभिन्न किसान संगठनों एवं जिलेवासियों द्वारा संघर्ष किया जा रहा है, लेकिन पिछली सरकारों द्वारा कोई प्रयास नही किया गया।

अब आर-पार की लडाई के तहत भारतीय किसान संघ जालोर द्वारा जवाई बांध के पानी में जालोर जिले का हक निर्धारित करने, जालोर शहर को नर्मदा का शुद्ध एवं पर्याप्त पेयजल उपलब्ध करवाने समेत अन्य मांगों को लेकर जिला मुख्यालय जालोर पर कलेक्ट्रेट के सामने गत 19 नवम्बर से अनिश्चितकालीन आन्दोलन व महापडाव चल रहा है। जिसका समस्त व्यापार मण्डल सायला पूर्ण समर्थन करता है।

यदि समय रहते किसानों की समस्याओं का निराकरण नही किया जाता हैं तो व्यापार मण्डल सायला द्वारा किसानों का साथ दिया जाएगा।

27 नवम्बर, बुधवार को संपूर्ण बाजार बन्द रखकर भारतीय किसान संघ के महापडाव में शामिल होंगे तथा आन्दोलन तेज करेंगे। जिसकी समस्त जिम्मेदारी सरकार की रहेगी।

इस दौरान कैट ब्लॉक अध्यक्ष मांगीलाल राजपुरोहित, नैनमल लखारा, डूंगरसिंह देवडा, महेन्द्र चौपडा, विकास भण्डारी, मुल्तानमल आचार्य, मुकुन्द दवे, राजेन्द्र माहेश्वरी, चमन माहेश्वरी, प्रकाश माली आसाणा, इन्द्रसिंह दहिया, बाबूसिंह तूरा, वागाराम, पदमाराम, भूराराम चौधरी, बाबुलाल जैन, चन्द्रसिंह, जगाराम माली, पारस माली, माधोसिंह तूरा समेत कई जने मौजूद थे।

सायला में व्यापारियों ने भारतीय किसान संघ के महापड़ाव को समर्थन देने का ज्ञापन सौंपा। फोटो-राष्ट्रदूत

व्यापार मंडल की बैठक में बाजार बंद रखने का निर्णय

सायला शहर के पुराना बस स्टेण्ड स्थित गणपति रिद्धि सिद्धि मंदिर में रविवार रात्रि को व्यापारियों की बैठक का आयोजन हुआ।

बैठक में जवाई बांध के पानी में जालोर जिले का हक निर्धारित करने की मांग लेकर किसान संघ के महापडाव के समर्थन में 27 नवम्बर, बुधवार को संपूर्ण बाजार बंद रखने तथा जालोर में महापडाव में शामिल होने का निर्णय लिया गया।

इस दौरान भाकिसं के खीमसिंह, रतनसिंह कानिवाडा, वागाराम, सांवलाराम चौधरी, नरिंगाराम चौधरी, दिनेश जीनगर, रामप्रकाश चौधरी, पुखराज राजपुरोहित, बलवन्तसिंह दहिया, देवाराम माली, मीठालाल, जितेन्द्र जीनगर समेत कई व्यापारी मौजूद रहे।

निजीकरण के विरोध में डिस्कॉम अधिकारियों व कर्मचारियों ने रोष जताया

बाड़मेर, (कासं)। राज्य सरकार और उर्जा विभाग द्वारा विभिन्न विद्युत कंपनियों के एमबीसी मॉडल के तहत किए जा रहे निजीकरण कार्य के विरोध में सोमवार को डिस्कॉम के अधिकारियों- कर्मचारियों द्वारा राजस्थान विद्युत संयुक्त संघर्ष समिति जिला बाड़मेर के तत्वावधान में कार्य बहिष्कार करने के साथ ही निगम प्रबंधन के नाम सहायक अभियंता को एवं मुख्यमंत्री के नाम संबंधित उपखण्ड अधिकारी को ज्ञापन सौपा गया।

सोमवार को राजस्थान विद्युत संयुक्त संघर्ष समिति जिला बाडमेर के तत्वावधान में आयोजित सांकेतिक कार्य बहिष्कार के तहत जिला मुख्यालय पर न्यू पॉवर हाउस परिसर में बैङ्क आयोजित की गई जिसमें पीयर्स, बेजोड, विद्युत श्रमिक संघ, आरवीटीकेए, इंटक, एटक, सीटू, राजस्थान विद्युत लेखाकर्मी संघ, राजस्थान राज्य विद्युत मंत्रालयिक कर्मचारी संघ, विद्युत मंत्रालयिक एवं अधिनस्थ कर्मचारी संघ, कर्मचारी मजदूर संघ के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित हुए। बैठक में बेजोड के जिलाध्यक्ष संदीप तातेड ने कहा कि सरकार व निगम अधिकारियों और कर्मचारियों को आपस में विघटन कर निजीकरण कर कर्मचारियों का शोषण करने के साथ ही जनता के हितो पर कुङ्गाराघात कर रही है जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पीयर्स के जिलाध्यक्ष सवाईसिंह ने कहा कि डिस्कॉम के सभी अधिकारी व कर्मचारी आर-पार की लडाई लडने के लिए तैयार हो जाए, जब तक निजीकरण की प्रक्रिया बंद नहीं हो तब तक शांत नहीं बैठना हैं। बीएमएस से जितेन्द्र छंगाणी ने कहा कि सरकार द्वारा डिस्कॉम की करोड़ों रूपए की संपति को निजी हाथो में देकर भविष्य में युवाओं की नौकरियां बंद करना चाह रही हैं। साथ ही धना सेठों को डिस्कॉम

■ कार्य बहिष्कार करने के साथ ही ज्ञापन सौंपे

को बेचा जा रहा हैं जो उचित नहीं हैं। हम सभी इसका पुरजोर विरोध करेगे। इंटक से पूनाराम वाघेला, मुकेश मीणा व जेठाराम शर्मा ने कहा कि सभी एकजुट रहे तो सरकार को झुकना ही पडेगा और डिस्कॉम के निजीकरण का कदम पीछे खींचना ही होगा। राजस्थान विद्युत तकनीकी कर्मचारी एसोसिएशन बाडमेर के जिला अध्यक्ष रमेश पंवार ने कहा कि निजीकरण वह दीमक हैं, जो डिस्कॉम को पूरी तरह से बर्बाद कर देगा। निजीकरण के दुष्प्रभाव आज भी कई विभागों में साफ देखे जा रहे हैं। इसलिए निजीकरण के खिलाफ सभी अधिकारी-कर्मचारी गंभीरता से एकजुट हो एवं सरकार के निर्णय का पूरजोर विरोध करे। एटक के जिलाध्यक्ष रूगसिंह ने कहा कि संगठन के आव्हान पर 29 नवंबर को जिला मुख्यालय पर होने वाले विरोध प्रदर्शन शत प्रतिशत योगदान देना हैं।

प्रदर्शन के दौरान प्रदीप चौधरी,ललित बाकोलिया, धीरज खत्री, मालाराम गडवीर, नरेन्द्रसिंह, कुशलाराम डउकिया, राजेन्द्र चौधरी, लिखमाराम हुड्डा, धनसिंह, अमजद खान, गौतम परमार, जनक गहलोत, अमित कुमार, मोतीलाल पाटोदिया, बालकिशन जीनगर, ईमरान शेख, ठाकराराम प्रजापत, अकरम खान, सतीश पूनक, विजेन्द्र मीणा, देशराज मीणा, हीरालाल, गणपतसिंह, लक्ष्मणसिंह, डलाराम, अशोक शर्मा, हेमंत कुमार, सुमेरसिंह, चैनाराम सियाग, भोजराज जांगिड, हरीसिंह, गोपीलाल, गौतम परमार, नवीन मीणा, मूलाराम, अनिल सारण, बजरंगलाल सहित कई जने उपस्थित रहे।

200 विद्यार्थियों का दल शैक्षिक भ्रमण पर रवाना

राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के अंतर्गत जालोर एवं सांचौर जिले के राजकीय विद्यालयों के विज्ञान एवं गणित के 200 विद्यार्थियों का दल राजसमन्द, नाथद्वारा, उदयपुर के लिए रवाना हुआ। फोटो-राष्ट्रदूत

जालोर, (कासं)। राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद जयपुर के निर्देशानुसार राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के अंतर्गत जालोर एवं सांचौर जिले के राजकीय विद्यालयों में अध्ययनरत विज्ञान एवं गणित के 200 विद्यार्थियों का दल 4 बसों में 25 व 26 नवम्बर के दो दिवसीय एक्सपोज विजिट (शैक्षिक भ्रमण) के लिए सोमवार को जालोर से राजसमन्द, नाथद्वारा, उदयपुर के लिए रवाना हुआ। बसों को समग्र शिक्षा जालोर के अतिरिक्त परियोजना समन्वयक ईश्वरसिंह सांगाणा ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।

विद्यार्थियों का दल नाथद्वारा, हल्दीघाटी, उदयपुर, सांवलियाजी, गोगुन्दा, राजसमन्द झील आदि स्थलों के साथ ही उदयपुर की ऐतिहासिक झीलों, राजमहलों, संग्राहलयों का भ्रमण कर ज्ञानवर्द्धन करेगा। दल के साथ कार्यक्रम अधिकारी मदनलाल गहलोत, सह प्रभारी रमेश कुमार पारीक, आहोर ब्लॉक से अरविन्द बाजक, जालोर से अमित कुमार, जसवंतपुरा से अमराराम, भीनमाल से नारणाराम एवं सभी 10 ब्लॉकों से 2-2 अध्यापक एवं अध्यापिका साथ रहेंगे।

विद्यार्थियों से 6 लाख ऐंठ कर मास्टर फरार

जोधपुर, (कासं)। शहर के कुड़ी भगतासनी थाना क्षेत्र में एक स्कूल अध्यापक ने विद्यार्थियों को शैक्षिणम भ्रमण के नाम छह लाख से ज्यादा की रकम ऐंठ ली और फरार हो गया। स्कूल अध्यापक ने यह रकम अपने पर्सनल खाते में डलवा दी। बच्चों ने फोन पे व गूगल के माध्यम से रूपए जमा करवाए थे। कोचिंग संस्थान के मैनेजर की तरफ से अब स्कूल मास्टर के खिलाफ धोखाधड़ी में रिपोर्ट दी गई है।

कुड़ी थानाधिकारी राजेंद्र चौधरी ने बताया कि मूलत: झूंझुंनू हाल अपेक्स क्लासेज मैनेजर हॉस्टल नंबर 2 सेक्टर 6 के मोहनलाल पुत्र भगवानराम गोयल ने रिपोर्ट दी है। इसमें बताया कि अपेक्स स्कूल कुड़ी सेक्टर छह में उत्तरप्रदेश के एक शिक्षक मिथिलेश तिवारी पुत्र बृजभूषण लगा हुआ था। उसने गत दिनों स्कूल के बच्चों को शैक्षिणक भ्रमण पर ले जाने की बात कहते हुए प्रति छात्र 12-12 हजार रूपए ले लिए और अपने खाते में फोन पे व गूगल पे से करवा दिए। तकरीबन छह लाख से ज्यादा रकम हो गई तो वह रफूचक्कर हो गया। छात्रों ने स्कूल प्रबंधन से शैक्षिणक भ्रमण पर ले जाने की बात की तो घटना का पता लगा। यह रकम 15 नवंबर से ऐंठनी शुरू कर दी थी। 50-60 विद्यार्थियों से यह रकम ली गई है। थानाधिकारी राजेंद्र चौधरी ने बताया कि केस दर्ज किया गया है।

अर्पिता को डी.आर.एम. ने सम्मानित किया

शास्त्रीय नृत्य कथक प्रतियोगिता में श्रेष्ठ प्रदर्शन पर अर्पिता कुमारी को जोधपुर मंडल के डी.आर.एम. पंकज कुमार सिंह ने सम्मानित किया।

जोधपुर, (कासं)। 15 वीं अंतर मंडलीय शास्त्रीय नृत्य कथक प्रतियोगिता में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर अर्पिता कुमारी को जोधपुर मंडल के डीआरएम पंकज कुमार सिंह ने सम्मानित किया।

डीआरएम ने बताया कि कथक एक पारंपरिक भारतीय नृत्य है और अर्पिता कुमारी को यह है सम्मान जयपुर अरावली रेलवे स्टेडियम में आयोजित 15वी अंतर मंडलीय शास्त्रीय नृत्य कथक प्रतियोगिता में दिया गया है। इस प्रतियोगिता में उत्तर पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक अमिताभ ने भी अर्पिता को केश अवार्ड से सम्मानित किया है।

इस दौरान डीआरएम ने कहा यह सम्मान न केवल उस पुत्री के लिए गर्व की बात है, बल्कि यह रेल कर्मचारियों के परिवारों के लिए भी प्रेरणा का स्त्रोत है। अर्पिता कक्षा 5 की विद्यार्थी है और इनके पिता जोधपुर में रेलवे में सेक्शन इंजीनियर के पद पर कार्यरत है। इस दौरान मंडल कार्मिक अधिकारी,इंचार्ज, अभिषेक गांधी मौजूद रहे।

मौसमी बीमारियों की रोकथाम के निर्देश दिए

जोधपुर, (कासं)। चिकित्सा व स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने सोमवार सुबह मारवाड़ इंटरनेशनल सेंटर में चिकित्सा अधिकारियों की बैठक ली। उनके साथ केंद्रीय परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार सचिव डॉ. पुण्यश्री श्रीवास्तव भी शामिल हुई।

इस बैठक में एम्स, डॉ. एसएन मेडिकल कॉलेज व सीएमएचओ विभाग के अधीन आने वाले अस्पताल

■ प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने बैठक ली

के चिकित्साधिकारियों ने भाग लिया। प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने मौसमी बीमारियों की स्थिति की समीक्षा करते हुए इस संबंध में दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि एलएचवी, सीएचओ, आशा कॉर्डिनेटर, बीपीएम, चिकित्सा अधिकारी, बीसीएमओ, उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, डीपीएम, डीएनओ, आरसीएचओ, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं संयुक्त निदेशक स्तर के अधिकारी मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए मिशन मोड में काम करें। साथ ही, प्रभावी मॉनिटरिंग एवं पर्यवेक्षण सुनिश्चित करें।

प्रमुख शासन सचिव ने कहा कि डेंगू, मलेरिया, चिकुनगुनिया, स्क्रब टायफस आदि मौसमी बीमारियों से प्रभावित क्षेत्रों में रेपिड रेस्पान्स टीमें भ्रमण कर गम्भीर रोगी की जांच एवं उपचार प्रदान करें। आवश्यकता होने पर चिकित्सा संस्थान में रैफर करें तथा बचाव व नियंत्रण संबंधी कार्यों यथा एन्टीलार्वल, मच्छर रोधी, फोगिंग, सोर्स रिडक्शन आदि गतिविधियों की गुणवत्ता भी सुनिश्चित करें।

सिलावट समाज की प्रतिभाओं का सम्मान

सिलावट समाज जालोर का सिवाना स्थित दरगाह दंताला शरीफ में सम्मान व अभिनंदन समारोह हुआ। फोटो-राष्ट्रदूत

जालोर, (कासं)। सिलावट समाज जालोर ने रविवार को सिवाना स्थित दरगाह दंताला शरीफ में सिलावट समाज प्रतिभाओं का सम्मान व अभिनंदन समारोह आयोजित किया।

सिलावट समाज जालोर की ओर से दंताला शरीफ दरगाह के आस्ताने पर चादर व अकीदत के फूल पेश कर देश व प्रदेश में अमल चैन आपसी भाईचारा एव खुशहाली की कामना की।

दरगाह परिसर में हुए कार्यक्रम में सिलावट समाज के सीनियर नर्सिंग ऑफिसर जिला चिकित्सालय जालोर शहजाद खान को राजस्थान नर्सेज संगठन का जिला अध्यक्ष बनने पर माला साफा व स्मृति चिन्ह देकर स्वागत अभिनंदन किया गया।

वहीं मदीना कॉलोनी लालपोल जालोर के सदर अयुब शेख का भी सम्मान किया गया। इसके साथ समाज के नव नियुक्त कर्मचारियों में देबावास व्याख्याता मोहसिन अली, भोपाल एम्स हॉस्पिटल में नियुक्त नर्सिंग ऑफिसर समीर शेख ,चार्टर्ड अकाउंटेंट अहमदाबाद मंजूर अख्तर का भी माला साफा पहनाकर, स्मृति चिन्ह देकर स्वागत अभिनंदन किया गया।

अधिवक्ता सलीम जावेद ने कहा कि सिलावट समाज की प्रतिभा का सम्मान करने से समाज की प्रतिभा को आगे बढने का हौसला मिलेगा। वहीं हबीब रहमान व इमरान खान ने बताया कि सिलावट समाज में प्रतिभाओं की कमी नहीं ह, उन्हें प्रोत्साहित करने की जरूरत है। समाज की पांच प्रतिभाओं ने समाज का गौरव बढाया है।

इस अवसर पर सिलावट समाज के शहजाद खान ने कहा कि समाज संगठित होगा तो समाज आगे बढेगा। इस प्रकार हम सब को संगठित होकर समाज को आगे बढाना है और समाज में विकास करना ह। समाज में शिक्षा को बढावा देना है । उन्होंने समाज द्वारा कार्यक्रम आयोजित कर प्रतिभाओं का सम्मान करने पर समाज का आभार जताया।

इस दौरान जलाल खान,इन्साफ अली, सिराजुद्दीन खान, लियाकत अली, रसीद खान, लाडे खान , राजु शेख,असलम शेख,जाकिर खान, मुश्ताक खान, रूबाब खान, अयूब खान, रहमान खान, इरफान खान, मोहम्मद रफीक , जलाल खान,हिदायत खान, युनुस खान, जानशेर खान, अरमान खान, इकबाल खान, रफीक खान, जाहिद हुसैन,मजीद खान, राजू खान, अल्ताफ खान,सादिक अजहर, सलीम खान, परवेज खान,तौकीर, रूहान, आशिक, कलीम, इमरान, हुमायूं सहित समाज के लोग मौजूद थे।

रोजगार शिविर 28 को

पाली, (नि.सं.)। राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिला रोजगार कार्यालय द्वारा जिला प्रशासन के संरक्षक एवं सहयोग से जिले के शिक्षित बेरोजगार आशार्थियों को लाभान्वित करने के लिए एक दिवसीय रोजगार शिविर 28 नवंबर को प्रात: 11 बजे स्थानीय राजकीय बांगड उच्च माध्यमिक विद्यालय मैदान पाली में आयोजित किया जाएगा।

जिला रोजगार अधिकारी मनीष थोरी ने बताया कि शिविर में निजी क्षेत्र की विभिन्न कपनियों को बुलाया जाएगा। जिससे बेरोजगार आशार्थियों को निजी क्षेत्र में रोजगार उपलब्ध हो सकेंगे।

सड़क निर्माण के लिए दुकानदारों ने सांगरिया में प्रदर्शन किया

जोधपुर, (कासं)। सांगरिया फांटा चौराहा से पाल गांव की ओर जाने वाली सड़क की पिछले कई वर्षों से बदहाल स्थिति के खिलाफ सांगरिया फांटा व्यापार मंडल ने सोमवार को प्रदर्शन किया। व्यापारियों ने सड़क निर्माण की मांग को लेकर धरना भी दिया।

व्यापार मंडल के पूर्व अध्यक्ष संतोष सारण ने बताया कि सड़क की बुरी हालत के कारण व्यापारियों को अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। धूल-मिट्टी से दुकानें और आसपास के क्षेत्र बेहद प्रदूषित हो गए हैं, जिससे व्यापारियों का स्वास्थ्य प्रभावित हो रहा है। साथ ही सड़क पर आए दिन होने वाली दुर्घटनाएं भी व्यापारियों को चिंतित कर रही हैं। खराब सड़क के कारण ठाहकों का आना-जाना भी कम हो गया है, जिससे व्यापार पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है।

संतोष सारण ने बताया कि इस समस्या को लेकर पहले भी कई बार स्थानीय विधायक, जेडीए और लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के अधिकारियों को लिखित रूप में अवगत कराया था। लेकिन हर बार उन्हें केवल आश्वासन ही मिला। आज व्यापार मंडल के अध्यक्ष पीपी पटेल के नेतृत्व में व्यापारी सांगरिया फांटा चौराहे पर एकत्रित हुए और धरना प्रदर्शन किया। व्यापारियों ने नारेबाजी करते हुए सड़क निर्माण की मांग की।

सूचना पर बासनी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रण में किया। धरने के दौरान लूणी विधायक एवं कैबिनेट मंत्री जोगाराम पटेल के प्रतिनिधि अशोक पटेल मौके पर पहुंचे। उन्होंने व्यापारियों को आश्वासन दिया कि एक महीने के भीतर सड़क निर्माण का कार्य शुरू करवा दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह सड़क निर्माण का कार्य जेडीए द्वारा करवाया जाएगा।